हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

राजकीय कॉलेज में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाई 14



डॉक्टरों की टीम ने 140 छात्रों के दांतों को जांचा 14



## ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष ने की बाबा साहेब के प्रति टिप्पणी

# नाराज हुए दलितों ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

*प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि बाबा साहेब के प्रति बयान देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कानून के तहत कदम उठाए जाएं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के करनाल में ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संविधान और बाबा साहेब को लेकर दिए गए बयान के बाद एससी समाज में भारी रोष फैल गया। जिसके चलते शुक्रवार को एससी समाज के लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया और डीसी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की।

उनका कहना है कि गलत बयान दिए गए हैं, जिन्हें तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि संविधान की बेअदबी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे विचार समाज में तनाव पैदा करते हैं। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि बयान देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए और कानून के तहत कदम उठाए जाएं।

- संविधान की बेअदबी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे विचार समाज में तनाव पैदा करते हैं



करनाल। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते दलित समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि, कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाबा साहेब ने सबके अधिकारों और समानता के लिए संघर्ष किया। पूरी दुनिया में उनके विचार पढ़ाए जाते हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोई भी व्यक्ति राजनीति में लाभ लेने के लिए बाबा साहेब की छवि खराब करने का प्रयास करेगा, तो इसे किसी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। अगर ऐसे बयान दोबारा दिए गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, पवित्र धार्मिक स्थलों में ऐसे विवादित बयान देना गलत है। अगर किसी के निजी विचार हैं तो बाहर मंच लेकर कहे जाएं। उन्होंने कहा कि संविधान सभी के लिए बराबर है और उसकी अवमानना नहीं हो सकती। कुछ लोग समाज को बांटकर खुद को बड़ा साबित करना चाहते हैं। प्रदर्शन के बाद एससी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज हो और उसे जेल भेजा जाए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी।

### ये है मामला

बता दें कि, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा गुरुवार को करनाल पहुंचे थे। ब्राह्मण धर्मशाला में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सर बीएन राव के योगदान का जिक्र किया और उन्हें संविधान निर्माण से जोड़ते हुए नई पीढ़ी को उनकी विरासत से परिचित कराने की बात कही। इसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया। समाज के लोगों का कहना है कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका सर्वोपरि है। ऐसे में उनकी महत्ता को कम बताने वाले बयान किसी भी रूप में स्वीकार नहीं।

## खबर संक्षेप

### धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण आज

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के मंदिर में संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण समारोह 8 नवम्बर को किया जाएगा। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि समारोह महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शिरकत करेंगे व अध्यक्षता गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विरेंद्र, सोनीपत के भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा शिरकत करेंगे।

### लूट के आरोपी को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाई

**पानीपत।** पानीपत सीआईए टू पुलिस टीम ने लूट के आरोपी अंकित निवासी गांव रूखी जिला सोनीपत को वहां की जेल से प्रोडक्शन वारंट लेकर पानीपत लाई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि अंकित व इसके साथियों पर थाना इसराना में गांव ब्राहमण माजरा निवासी कुनाल की शिकायत पर नौल्था गांव के नजदीक स्थित किसान आटो पेट्रोल पंप से लूट की वारदात करने का केस दर्ज है।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड स्थित गुप्ता ब्रदर्स फैक्टरी के गोदाम से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी नवीन निवासी रामराय जीन्द को थाना चांदनी बाग पुलिस वीरवार को भिवानी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं, थाना चांदनी बाग प्रभारी गौरव ने बताया कि सुताना गांव निवासी दीपक की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जाट स्कूल की छात्रा जन्नत ने जीता सोना

**कैथल।** अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 69वीं स्कूली नेशनल गेम में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जाट वमावि की छात्रा जन्नत ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय और कैथल का नाम रोशन किया। ये प्रतियोगिताएं 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने जन्नत की कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम की सराहना की।

### हरियाणा के किसानों पर भाजपा का 'खाद संकट'

**कैथल।** कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ धोखा और लूट का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की 'चार सवारी' झूठ, लूट, धोखा और कालाबाजारी किसानों को खाद के नाम पर लूट रही है। सुरजेवाला ने 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के पंजीकरण नियम को 'बेतुका' बताया।

## कुरुक्षेत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव आज से होगा

- दिल्ली से फिरोजपुर कैंट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिली है। आज कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होगा। दिल्ली से फिरोजपुर कैंट के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की गई है। यह ट्रेन पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पटियाला, बठिंडा जंक्शन होते हुए फिरोजपुर कैन्ट पहुंचेगी। इसका उद्घाटन आज फिरोजपुर कैंट से होगा। वंदे भारत फिरोजपुर कैंट से सुबह 7.55 पर चलेगी। कुरुक्षेत्र रेलवे जंक्शन पर ट्रेन दोपहर 12.28 बजे ट्रेन रुकेगी और 12.30 बजे पर चलेगी।

इसी तरह कुरुक्षेत्र में दोपहर 12.28 बजे ट्रेन रुकेगी और 12.30 बजे पर चलेगी। पानीपत में दोपहर 1.05 बजे पर ट्रेन रुकेगी और 1.07 बजे पर चलेगी। फिर सीधा दिल्ली दोपहर 2.35 पर ट्रेन अपने गंतव्य पर रुकेगी। इसी तरह दिल्ली से शाम 6 बजे ट्रेन चलेगी जो 5 बजे पानीपत रुकेगी। पानीपत से ट्रेन 5.02 पर चलेगी और कुरुक्षेत्र में 5.40 बजे रुकेगी। फिर कुरुक्षेत्र से 5.42 चलेगी और शाम 6.30 बजे अंबाला रुकेगी। अंबाला से 6.32 पर ट्रेन चलकर पटियाला शाम 7.13 पर पहुंचेगी। 7.15 पर पटियाला से चलकर 7.56 पर धूरी रुकेगी धूरी स्टेशन से ट्रेन शाम 7.58 बजे पर चलेगी। इसके बाद बठिंडा में रात 9.15 बजे ट्रेन पहुंच कर 9.20 पर फरीदकोट के लिए रवाना होगी। रात 10.03 पर फरीदकोट पहुंचकर 10.05 बजे चलकर फिरोजपुर कैंट रात 10.35 बजे पहुंचेगी।

### ये रहे मौजूद

आज कुरुक्षेत्र जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सांसद नवीन जिंदल ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत फिरोजपुर कैंट से सुबह 7.55 पर चलेगी। दिल्ली तक इसके 7 स्टॉप होंगे। फिरोजपुर कैंट से ट्रेन चलकर फरीदकोट सुबह 8.23 बजे रुकेगी और 8.25 बजे चलेगी। इसी तरह बठिंडा में 9.10 बजे पहुंचे और 9.15 बजे चलेगी। धूरी में 10.26 बजे पहुंचेगी और 10.28 बजे चलेगी। पटियाला में 11.05 बजे पहुंचेगी और 11.07 बजे रवाना होगी। अंबाला कैंट में 11.58 बजे ट्रेन रुकेगी और दोपहर 12 बजे चल पड़ेगी।

*कामों में हो रही देरी से पनपा रोष*

## नाराज पार्षदों ने जिला परिषद सीईओ के दफ्तर पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में जिला परिषद के कामों में हो रही देरी से नाराज भाजपा के जिला पार्षदों ने जिला परिषद कार्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के कार्यालय को ताला लगा दिया। पार्षदों का कहना है कि सीईओ कार्यालय में आते ही नहीं हैं, जिस कारण उन्हें अपने काम करवाने के लिए कई-कई दिन चक्कर लगाने पड़ते हैं।

उनका कहना है कि जिला में करोड़ों रुपए के विकास कार्य मंजूर पड़े हैं लेकिन तीन महीने से फाइलें अटकी हुई हैं वर्क ऑर्डर तक जारी नहीं हो रहे। देर होती रही तो ये फंड वापस चले जाएंगे और जनता के काम अधूरे रह जाएंगे।अधिकारी से मिलने को समय नहीं मिलता जिला पार्षद गुरदीप राणा व अन्य ने बताया कि सीईओ चेयरमैन के सचिव होते हैं, लेकिन सचिव कार्यालय में ही न रहें तो काम कैसे होगा। पार्षदों ने कहा कि कई बार समय लेकर कार्यालय पहुंचे, लेकिन आईएएस अधिकारी उनसे मिलने नहीं आए। जिससे ऐसा लग रहा है कि अधिकारी को न तो पार्षदों से मिलने की जरूरत महसूस होती है और न ही जनता के कामों की चिंता है। पार्षदों का कहना है कि आईएएस सोनू भट्ट को टॉप रैंक अधिकारी बताया गया, लेकिन उनके काम में वैसी गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। पार्षदों का तर्क है कि अधिकारी को अपने जिले के निर्वाचित प्रतिनिधियों से मिलने का समय ही नहीं है तो आम नागरिकों की सुनवाई कैसे होगी। विकास कार्यों के लिए आए फंड का उपयोग न होना सबसे बड़ी समस्या बन गया है। पार्षदों का कहना है कि आठ महीने पहले काम पास हो चुके हैं, मगर अब भी वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए जा रहे। इससे गांव-वार्ड में बने विकास योजनाओं का कोई लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा।सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग पार्षदों ने साफ कहा कि अगर अधिकारी को काम ही नहीं करना तो लिखकर दे दें कि उन्हें यह चार्ज न दिया जाए। पार्षदों ने सरकार से मांग की है कि स्थिति को तुरंत सुधारा जाए, ताकि विकास कार्य बिना देरी के पूरे हो सकें और जनता को राहत मिल सके।



करनाल। कार्यालय पर ताला जड़ते हुए पार्षद।

*संस्कृति से जुड़ने का माध्यम युवा महोत्सव : विज*

## आर्य कॉलेज युवा महोत्सव : दूसरे दिन छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित 46 वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का दूसरे दिन का आगाज भी शानदार हुआ। युवा महोत्सव के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र पर बतौर मुख्य अतिथि पानीपत के विधायक प्रमोद विज व विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी हरपाल ढांडा व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अंकेश्वर प्रकाश व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, पानीपत अर्बन कोपरेटीव बैंक के फाउंडर एडवाइजर ओपी शर्मा व समाज सेवी मोहन लाल गर्ग का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर आर्य कॉलेज प्रबधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, उप प्रधान वीरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, उपप्रधान विरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इधर, प्रात कालीन सत्र में ओपी शिंगला सभागार में रसिया ग्रुप डांस व हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मान मोह लिया। जबकि सांय कालीन सत्र में मुख्य अतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने शिरकत हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे महोत्सव में भाग लेने का ये लाभ होता है कि वो अपनी संस्कृति की जडों से जुड पाते हैं।

प्रो. सैनी ने अंत में गंगा मां की रागनी सुना कर सभागार में सभी का मन मोह लिया। इधर, महोत्सव में स्टेज नंबर छह पर सांग की विधा का मंचन हुआ।

- स्टेज नंबर छह पर सांग विधा का मंचन







पानीपत। युवा महोत्सव में विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ जगदीश गुप्ता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी।



## वंदे मातरम ने आज़ादी की लौ जलाई : ढांडा

**पानीपत।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवपूर्ण 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि जब वंदे मातरम गीत लिखा गया था, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, परंतु इस गीत ने देशवासियों में स्वाधीनता का संकल्प जगाया। वंदे मातरम वह शस्त्र था जिसने आजादी के परवानों को एक सूत्र में बांधा था। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री का स्वागत उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, निगम आयुक्त डॉ. पंकज और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर किया व शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का विचार हर युग में सर्वोत्तम रहा है। उपनिषदों के ज्ञान ने पूरी दुनिया को चकित किया। उन्होंने कहा कि हमें फिर से उसी एकता, समर्पण और संकल्प को अपनाना होगा, जिससे 2047 तक भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाया जा सके। जबकि विधायक प्रमोद विज ने कहा कि वंदे मातरम हर नागरिक की आत्मा है। यह गीत हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और देश के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत का उद्देश्य केवल आजादी नहीं, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और गौरवशाली बनाना था।



## वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाई

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ कॉलेज परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन से हुई, जिससे वातावरण देशभक्ति से सरोबार हो गया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा और इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बने। जबकि प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और इसके राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह गीत हमारे भीतर देशभक्ति, एकता और समर्पण की भावना को जगाता है। वहीं, सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हमारे कर्मों और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व में झलकनी चाहिए। इस अवसर पर उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, एनसीसी समन्वयक डॉ. नरवीर आदि उपस्थित रहे।



### आस्था के केंद्र पक्का घाट की मरम्मत करवाए जाने की मांग

# प्राचीन घाट क्षतिग्रस्त होने से श्रद्धालु परेशान

- पक्का घाट पर पहुंचकर धार्मिक क्रियाएं संपन्न करवाते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के पश्चिमी यमुना के किनारे बने प्राचीन एवं ऐतिहासिक पक्का घाट के क्षतिग्रस्त होने से श्रद्धालु परेशान हैं।

श्रद्धालुओं ने पक्का घाट की रिपेयर करवाए जाने की मांग की है। श्रद्धालु एवं रादौर निवासी संदीप कुमार, मनोज, अभिषेक, राहुल, सन्नी व गोल्डी आदि ने बताया कि कस्बा के नजदीक बह रही पश्चिमी यमुना के किनारे सैकड़ों वर्ष पहले बनाए गए प्राचीन पक्का घाट में लोगों की अटूट आस्था है। कस्बा व इलाके के लोग पक्का घाट पर पहुंचकर अपनी धार्मिक क्रियाएं संपन्न करवाते हैं। मगर अब यह प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक पक्का घाट क्षतिग्रस्त होकर बिखरने लगा है। कस्बे के लोग लंबे अर्से से प्रशासन से इस पक्के घाट की रिपेयर करवाए जाने की मांग कर रहे हैं। मगर मांग करने के बावजूद न तो नगरपालिका और न ही नहरी विभाग पक्का घाट की रिपेयर करवा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों की आस्था को भारी ठेस पहुंच रही है।



यमुनानगर। रादौर में पक्का घाट की बनी हुई क्षतिग्रस्त हालत। फोटो : हरिभूमि

### लगभग 200 वर्ष पुराना है रादौर का पक्का घाट

उन्होंने बताया कि रादौर का पक्का घाट लगभग 200 वर्ष पुराना है। जो स्थानीय लोगों की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने प्रशासन से पक्का घाट की रिपेयर करवाए जाने की मांग की है। उधर, संबंधित विभाग के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि जल्द ही घाट की रिपेयर करवा दी जाएगी।

### ऑल्टो की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**कुरुक्षेत्र।** ढांड रोड पर खानपुर गांव बस अड्डा के पास तेज रफ्तार ऑल्टो की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोप ड्राइवर मौके से भाग गया। हादसा वीरवार शाम करीब 7 बजे हुआ। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान कैथल जिले के पबनावा के ऋषिपाल (34) के रूप में हुई। ऋषिपाल 2 बहनों का इकलौता भाई था और अकेला कमाने वाला था। ऋषिपाल के पिता प्रेम नाथ की पहले ही मौत हो चुकी है। ऋषिपाल शाम को अपना काम खत्म करके अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। एक्सीडेंट उसके चाचा के सामने हुआ। सतीश कुमार निवासी पबनावा ने पुलिस को बयान दिया कि वह अपनी बाइक पर अपने भतीजे ऋषिपाल के पीछे ही गांव पबनावा जा रहा था।

## जर्मन प्रतिनिधियों ने किया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा



**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से एक जर्मन प्रतिनिधि मंडल के 6 सदस्यों द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान नवीन जिंदल फाउंडेशन व जर्मन प्रतिनिधियों द्वारा संस्थान के सभी इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग व्यवसाय में प्रशिक्षण ले रहे छात्र- छात्राओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पूरी टीम के द्वारा संस्थान के अलग- अलग ट्रेडस में उपलब्ध टूल्स, मशीनरी, व इक्विपमेंट की भी जानकारी ली गई। जर्मन प्रतिनिधि मंडल ने बताया की भविष्य में इस संस्थान के इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के कुशल पास-आउट छात्र जिन्हे तीन वर्ष का अनुभव है उन्हें रोजगार भी दिया जाएगा। संस्थान के मुखिया व प्रधानाचार्य जगमोहन ने बताया कि नवीन जिंदल फाउंडेशन व जर्मन प्रतिनिधि मंडल को संस्थान के सभी व्यवसाय व प्रशिक्षण बारे विस्तार से जानकारी दी गई है। जर्मन फाउंडेशन के द्वारा संस्थान में चलाए जा रहे कोर्सेज, टूल्स व मशीनरी की बहुत सराहनीय की गई व बधाई दी गई। इस मौके पर जर्मन प्रतिनिधि, नवीन जिंदल फाउंडेशन से अरुण चंदेल (रिटायर्ड कर्नल), तान्या टाया व उपप्रधानाचार्य निर्मल परींजा मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### युवक को कैंची से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की जसवंत कालोनी में तीन युवकों ने एक युवक को पीटकर व कैंची से हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक विशाल कॉलोनी निवासी इसराइल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर शाम वह शहर की सब्जी मंडी से एक्टिवा पर घर लौट रहा था। रास्ते में जसवंत कॉलोनी पार्क के पास पहुंचने पर उसे रितिक गली में खड़ा हुआ मिल गया। उसने रितिक से साइड देने की बात कही तो उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और पास में दर्जी की दुकान से कैंची उठाकर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद जब वह उपचार करवाने जाने लगा तो रितिक ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे फिर से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी रितिक, अनमोल व हर्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



### शूरसैन जयंती को लेकर गांवों में दिया न्योता

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के लोगों ने नारनौल में आयोजित होने वाली शूरसैन जयंती को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी उपस्थित हुए। प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि ग्रामीणों को नारनौल में आयोजित होने वाले महाराजा शूरसैनी जयंती के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं, जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में चलने का आश्वासन दिया। प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। विधानसभा रादौर से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग भाग लेने के लिए 16 नवंबर को नई अनाज मंडी नारनौल में पहुंचेंगे। समाज की एकता ही समाज को अपना हक दिला सकती है। इसलिए सभी को समाज की एकता बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# अवैध खनन रोकने के लिए लगाए 8 नाके, दूसरे विभाग से भी बुलाए कर्मचारी, चार मोबाइल टीमें गठित करने के दिए आदेश

*जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त कार्यालय में खनन विभाग समेत अन्य विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में अवैध खनन पर पूर्णतयः रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अवैध खनन रोकने के लिए 8 नाके लगाए गए हैं। इसके अलावा दूसरे विभाग के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को जिले में अवैध खनन पर अकुंश लगाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। ताकि जिले में अवैध खनन पर पूर्णतयः रोक लगाई जा सके। मौके पर उन्होंने जिला खनन अधिकारी से अवैध खनन की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। जिस पर जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिले के रणजीतपुर, काठगढ़, भगवानपुर, नगली 32, बेलगढ़, बल्लेवाला, ताजेवाला व मोहियुदीनपुर आदि गावों की सीमाओं से अवैध खनन होने के मामले विभाग के संज्ञान में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि खनन विभाग एवं हयिाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो यमुनानगर द्वारा अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों, वाहनों एवं अवैध खनन का खनिज खरीदने वाले प्लांट संचालकों के खिलाफ पुलिस थानों में मुकदमे दर्ज करवाए जा रहे हैं।



यमुनानगर। उपायुक्त कार्यालय में अवैध खनन रोकने के लिए आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### चिह्नित गांवों की सीमाओं में दिन व रात के लिए मोबाइल टीमें करेंगी गश्त

जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिले के उक्त गांवों की सीमाओं से अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए 8 नाके स्थापित किए गए हैं। इन नाकों के माध्यम से अवैध खनन का खनिज भरकर ले जाने वाले वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग के पास सीमित स्टाफ होने की वजह से उपायुक्त ने दूसरे विभागों के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई हुई है। जिला खनन अभियंता ने बैठक में अनुरोध किया कि उक्त गांवों की सीमाओं में दिन एवं रात के लिए चार मोबाइल टीमें पुलिस विभाग एवं खनन विभाग की कार्यरत की जाए। इन टीमों का सुपरविजन पुलिस अधीक्षक यमुनानगर,उप पुलिस अधीक्षक हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो अंबाला द्वारा किया जाए। जिसके बाद उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उप पुलिस अधीक्षक हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो अंबाला की अगुवाई में चार टीमों का गठन करने के आदेश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार आदि समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर गर्ल्स कॉलेज में जिलास्तरीय समारोह

# वंदे मातरम गीत आत्मबल का है शंखनाद : राणा

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह देश की धड़कन है और भारत की पहचान है। उन्होंने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर शहर के गर्ल्स कॉलेज में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि यह शब्द कहे। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल भी मौजूद रहे। मौके पर वंदे मातरम थीम पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

कृषि मंत्री श्याम राणा ने कहा कि वंदे मातरम भारत की आत्मा है। यह एक ऐसी उदयीमान शक्ति है। जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए भारत के स्वराज्य आंदोलन को नई ऊर्जा दी।

यह हमारी मातृभूमि को मां के रूप में देखने वाली सनातन दृष्टि है। यह गीत हर भारतवासी को कर्तव्य, मर्यादा, अनुशासन और त्याग की भावना से जोड़ने वाला मंत्र है। राणा ने कहा कि वंदे मातरम गीत आत्मबल का शंखनाद है। इसी गीत ने अंग्रेजों के साम्राज्य को हिला दिया था। इसी गीत ने युवाओं को क्रांति की आग दी। इसी गीत ने पहली बार यह बताया कि हम सिर्फ प्रजा नहीं हैं बल्कि हम राष्ट्र शक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि यह गीत पढ़ने पर या गाने पर ब्रिटिश सत्ता कांपती थी। क्योंकि वे जानते थे कि यह गीत हथियार नहीं पर इसमें हथियारों से करोड़ गुणा शक्तिशाली है। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव व जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।





यमुनानगर। गर्ल्स कॉलेज में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाग लेते हुए गणमान्य लोग।

### नगर निगम में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‍ की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को नगर निगम यमुनानगर के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने भाग लिया। उन्होंने वंदे मातरम्‍ की रचना, देशभक्तों की कुर्बानियों से लेकर वंदे मातरम्‍ के राष्ट्रीय गीत बनने के बारे में सभी को जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। मुख्यातिथि एवं अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने कहा कि वंदे मातरम्‍ गीत न केवल एक काव्य रचना है। बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा थी। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत भारत माता की आराधना का प्रतीक है। जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ राष्ट्रवाद की ज्वाला बन गई। इसके बाद यह गीत समय बढ़ने के साथ राष्ट्रीय गीत बन गया। समारोह में सभी ने राष्ट्रीय एकता और सद्भाव बनाए रखने की शपथ लेकर संकल्प लिया। मौके पर अजय वालिया, भव्य गोयल, संजय कुमार व जितेंद्र मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में वैज्ञानिक सीवी रमन को किया याद



**रादौर।** रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन के जन्मदिवस पर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसीपल रमन शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। प्रिंसिपल रमन शर्मा ने बच्चों को बताया कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में 7 नवम्बर 1888 को देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन एक साधारण से ब्राह्मण परिवार में जन्मे थे। उनके पिता चंद्रशेखर अय्यर एवी नरसिम्हा राव महाविद्यालय, विशाखापत्तनम में फिजिक्स और गणित के एक प्रख्यात प्रवक्ता थे। सीवी रमन ने रिसर्च के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए और भारत को विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।



### रचनात्मक व आलोचनात्मक के प्रति हों जागरूक

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में रचनात्मक सोच विशेष पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सुरेंद्र हाई स्कूल के शिक्षकों ने भी विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने की। कार्यक्रम में सुरेंद्रा हाई स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया नरूला वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई। रिसोर्स पर्सन कपिल बत्रा ने शिक्षको को रचनात्मक व आलोचनात्मक विषय के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक में रचनात्मक व आलोचनात्मक सोच के कौन कौन से मूल्य होने चाहिएए ताकि वह अपने विद्यार्थियों में भी इस प्रकार की सोच का विकास हो सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षको में रचनात्मक व आलोचनात्मक के प्रति जागरूकता पैदा करना है, ताकि वह अपने विद्यार्थियों में भी इस प्रकार की सोच का विकास हो सके। सभी ने मुख्यवक्ता कपिल बत्रा का आभार प्रकट किया।



### जांच शिविर में सैकड़ों लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**रादौर।** जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव भागू माजरा व खेड़ी लक्खा सिंह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर जिंदल फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल स्वास्थ्य जांच वैन के चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। फाउंडेशन के अधिकारी राजकुमार सैनी ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा अपने कुरुक्षेत्र लोक सभा क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर मोबाइल मेडिकल वैन चलाई गई है। जिसके माध्यम से गांव गांव जाकर शिविर आयोजित कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। इसी क्रम में मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सकों द्वारा गांव भागु माजरा व खेड़ी लक्खा सिंह में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों में सैंकड़ो लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर कई लोगों के यूरिन व रक्त की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि मौके पर चिकित्सकों द्वारा मरीजों को फाउंडेशन की ओर से मुफ्त दवाइयां दी गई और उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।



### पोश अधिनियम विषय पर किया जागरूक

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन (रादौर) में पोश अधिनियम विषय पर शुक्रवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में कल्पना चावला राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबाला सिटी की टीपीओ एवं उप प्राचार्या डॉ. मोनिका अग्रवाल ने भाग लिया। वहीं, मुख्यातिथि के रूप में संस्थान की वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल मौजूद रही। जबकि कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी कॉर्डिनेटर शालिनी गोयल व काजल शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मोनिका अग्रवाल ने छात्राओं को बताया कि यौन उत्पीड़न केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है। बल्कि यह किसी व्यक्ति की गरिमा, सम्मान और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज अथवा सार्वजनिक स्थलों समेत अन्य कहीं भी हो सकता है। पोश अधिनियम इसलिए बनाया गया था ताकि प्रत्येक कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। बल्कि इसकी रोकथाम की शुरुआत जागरुकता और आपसी सम्मान से होती है।

### 85 लाख व्यक्तियों की कैंसर से होती है मौत : डॉ. सैनी

**रादौर।** रादौर के रामा नर्सिंग होम में राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में होम के चेयरमैन डॉ. एससी सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। मुख्यातिथि एवं रामा नर्सिंग होम के चेयरमैन डॉ. एससी सैनी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 85 लाख व्यक्तियों की मौत कैंसर से हो रही है और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार हर साल कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आते हैं, जिसमें 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इंडियन काउंसिल फार मेडिकल रिसर्च के मुताबिक भारत में तंबाकू सेवन से होन वाला कैंसर और सर्वाइकल कैंसर महामारी की तरह फैल रहा है। हर साल तम्बाकू से जुड़े कैंसर के लगभग 3 लाख नए मामले सामने आते हैं।

# उच्चतर शिक्षा महानिदेशक से मांगों को लेकर मिले रिटायर्ड शिक्षक

- एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उच्चतर शिक्षा महानिदेशक से की उनकी मांगें पूरी किए जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आरसीपीटी (रिटायर्ड प्रिंसिपल एवं टीचर्स) एसोसिएशन हरियाणा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उच्चतर शिक्षा महानिदेशक से मिलकर उनकी लंबित पड़ी मांगे पूरी किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने किया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा, एसोसिएसन के संरक्षक रिटायर्ड प्रिंसीपल डॉ. बलबीर सिंह व जिला प्रधान डॉ. सुभाष वोहरा शामिल रहे।

एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान डॉ.अमर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा महानिदेशक से प्रतिनिधिमंडल ने गत बैठक में उठाए गए मुद्दों नोशनल पे फिक्सेशन, 36 दिन स्ट्राइक पीरियड से संबंधित केस तथा ऑनरेरियम में 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इन सभी मुद्दों का सकारात्मक समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान महानिदेशक के साथ पैंशन बजट को लेकर भी बातचीत की गई। जिसमें उन्होंने महानिदेशक को अवगत करवाया गया कि सरकार द्वारा जो वार्षिक बजट जारी किया जाता है वो वित्त वर्ष के अंतिम दो महीनों में कम पड़ जाता है। प्रतिनिधिमंडल के महानिदेशक से मिलने के लिए एसोसिएशन के सदस्यों डॉ. सुभाष सहगल, डॉ. युगेश कुमार, डॉ. देवेंद्र आनंद, डॉ. गुलशन सेठी ने आभार प्रक्ट किया है।

# बाल सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

- जिला बाल कल्याण समिति द्वारा भारतीय विद्या मंदिर स्कूल देवधर में सतर्कता एवं जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल देवधर में बच्चों के अधिकारों, सतर्कता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने भाग लिया। वहीं, समति की सदस्य पूनम अग्रवाल भी मौके पर मौजूद रही। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

मुख्यातिथि एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि संरक्षण का अधिकार बच्चों के जीवित रहने, विकास और भागीदारी के अधिकारों को सुनिश्चित करता है। बाल कल्याण समिति सदस्यों ने स्कूल में सुरक्षा व्यवस्था, स्कूल के पीने के पानी, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्कूल प्रबंधन ने मौके पर फायर सेफ्टी का प्रदर्शन भी दिखाया कि किस तरह से किसी भी आपातकालीन स्थिति में बच्चों को सहज करते हुए स्थिति को संभालना है। स्कूल के प्रिंसिपल मदनलाल, सरपंच प्रवीण व तेजपाल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।



यमुनानगर। जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते मुख्यातिथि।

## राजस्तरीय रूरल गेम्स प्रतियोगिता के विजेता बच्चों का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत

# ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने बटोरे 55 मेडल

गेम्स में 15 टीमों के 450 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रूरल गेम्स एसोसिएशन हरियाणा की ओर से गत दिवस सिग्नस स्कूल अंबाला में आयोजित रूरल गेम्स राजस्तरीय प्रतियोगिता में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा।



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### लविश ने जीता गोल्ड मेडल

स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिग्नस स्कूल अंबाला में रूरल गेम्स एसोसिएशन हरियाणा की ओर से रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गयी। जिसमें लगभग 15 टीमों के लगभग 450 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 100, 200, 400, 800, 1500, 3000, 5000 मीटर दौड, रिले रेसए, शॉट पुट, डिसकस थ्रो व लॉन्ग जंप प्रतिस्पर्धाओं में 30 स्वर्ण, 9 रजत व 16 कांस्य पदकों के साथ कुल 55 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले खिलाडियों में लवीश, अविरल, ईशु, यश्वी, भाविका, दीपांशु, दिग्विजयए, दुअंश, रेशव, रिद्धान, वणिज, युग्वीर, आरवी, अश्मीत, दिग्विजय, दिव्यम, गुरुवंश, इशिका, काव्यदीप, आराध्या, एरिक, गर्वित, कुणाल, सीरतए, सुनिधि, देविंदर, युवराज, कनिष्क, परीक्षित व प्रियांशु ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं यशिवन, दिव्यांशी, जनशी, लाइबा, पूर्वी, रूही, आरव, अनिरुद्ध व हर्ष ने रजत पदक जीता। आरव, संयम, हेमन, खवीश, अद्विकए, दीपांशु, झियांश, पलक, सान्वी, अक्षित, अंगद, दक्ष, कनिष्कए, मयंक, पर्व व परवदीप ने कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



### ब्रह्मोत्सव ब्रह्म-यज्ञ के साथ हर्षोल्लास से संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्मोत्सव की संपूर्णता बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई। कार्तिक मास से चल रहे ब्रह्मोत्सव का समापन पुष्प वर्षा, सामूहिक आरती एवं ब्रह्म-यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ किया गया। ब्रह्मोत्सव के इस पावन अवसर कुरड़ी वाले महाराज ने कहा कि जो जीव श्रीब्रह्मासिद्पीठ् व श्री ब्रह्मा रथयात्रा में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर हाजरी लगाते उसे जीवन में कभी अकाल कष्ट नहीं होता। आश्रम साधक, साधिकाओं एवं उपस्थित श्रदालुओं ने नृत्य कर अध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

### भक्ति और संस्कारों से समाज होता मजबूत



**पिहोवा।** मॉडल टाउन प्रीत विहार, प्रांची रोड स्थित जय मां बाला सुंदरी मंदिर में पूरे कार्तिक मास के दौरान महिला संकीर्तन मंडल द्वारा प्रतिदिन भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता रहा। भक्तिमय माहौल में बीते इस पूरे महीने का समापन शुक्रवार को हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ। जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्तिक मास समापन कार्यक्रम में नगर पालिका की पूर्व प्रधान शीला देवी ने कहा कि भक्ति और संस्कारों से ही समाज की नींव मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर मां बाला सुंदरी से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर वीना, रीटा, सोनिया, आशू, शीला, महक, सुष्मा, ज्योति, सुनीता, शिवानी, आशा, इन्दिरा, शशी, बबली, सहित अनेकों महिला श्रद्धालु उपस्थित रही।



### ओंकार ही सनातन धर्म का मूल आधार

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरू धारा हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्री दुर्गा देवी मन्दिर के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने सरस्वती कालोनी, बीड पिपली में आयोजित संकीर्तन में बताया कि वैदिक शास्त्रों और विद्वानों के अनुसार सनातन धर्म में भगवान श्री गणेश जी की पूजा का विषय महत्त्व है। जो अपने माता पिता,आचार्य , गुरु और देवी देवताओं का आदर और सेवा करते है। उनकी श्रद्धा और भावना सहित की गई पूजा ही स्वीकार होती है। भगवान सभी जीव जंतुओं को उनके कर्म अनुसार ही फल देते है। अच्छे कर्म से ही अच्छे भाग्य का निर्माण होता है। डॉक्टर मिश्रा ने मुद्रा विज्ञान और ध्यान और भक्ति के बारे में सत्संग दिया।

## विस उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# देशभक्ति के प्रति हमारी भावना, एकता, संस्कृति और समृद्धि का दर्पण है वंदे मातरम गीत : मिड्ढा

**उपाध्यक्ष ने पूर्व राज्यमंत्री , उपायुक्त के साथ दीप प्रज्वलित व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

प्रदेश के विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वंदे मातरम गीत मात्र शब्दों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति के प्रति हमारी भावना, एकता, संस्कृति और समृद्धि का दर्पण है। वंदे मातरम की रचना के समय हमारा देश विदेशी शासनों के अधीन था। पूरे विश्व के अंदर एक हमारा ही देश ऐसा है, जिसे हम मां के नाम से पुकारते हैं। विश्व में दूसरा कोई ऐसा देश नहीं है, जिसे मां के नाम से पुकारा जाए। इस गीत के माध्यम से भारत माता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले महान वीरों को याद किया जा रहा है। हरियाणा के विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थानेसर के सभागार में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इससे पहले उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा स्कूल परिसर में लगाई वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के साथ दीप प्रज्वलित व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम गीत की सामूहिक वंदना की। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पुलिस बैंड की धुन बजाकर वाहवाही लूटी। इसी दौरान विकास रेहलान ने डीएवी स्कूल के बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम के अंत में जय जय हरियाणा के गायक ने हरियाणवी गीत की प्रस्तुति दी। हरियाणा के विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हम धर्म, क्षेत्र, जाति से ऊपर उठकर भारत माता के लिए एक बनें। मातृभूमि की सेवा का काम करने के लिए शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व, देश का निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस गीत में यही संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, बल्कि हमारी पहचान है हमारे देश का एक नाम है। प्रदेश के शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं में वंदे मातरम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। इसी प्रकार से सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी वंदे मातरम पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता होनी चाहिए।

### 2047 तक राष्ट्र को विश्व के अंदर विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा

हरियाणा के विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक राष्ट्र को विश्व के अंदर विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। इस मिशन में वर्ष 2047 से पहले पूरा करने में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

### राहुल गांधी की बुद्धि खराब

पत्रकारों से बातचीत में मिड्ढा ने कहा कि राहुल गांधी की बुद्धि खराब हो चुकी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान भी कागजों को जलाया और फाड़ा था। लगातार हार होने के कारण उनके पास बुद्धि नहीं रही। इसलिए वो कुछ भी उल्टा-सीधा कर सकते हैं। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कुरुक्षेत्र में राहुल गांधी पर निशाना साधा। डिप्टी स्पीकर मिड्ढा ने कहा कि राहुल गांधी बिल्कुल खाली हो चुके हैं, इसलिए कुछ न कुछ बोलेंगे ही। उनकी मति खराब हो चुकी है। फर्जी वोटों को काटना गलत नहीं है। अगर वो उन वोटों को चोरी मानते हैं, जो हमारे मुल्क में आकर रह रहे हैं और उनके फर्जी वोट बने हुए हैं, उनके वोट कटने ही चाहिए। कोई बांग्लादेशी है, कोई कहीं और का है, तो उनके वोट कटेंगे ही। जो लोग दुनिया से चले गए हैं, उनकी वोट काटना गलत नहीं है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, डीपीसी इंदू सहित अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय चेतना का प्रतीकः डॉ. वीरेन्द्र



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वंदे मातरम गीत के 150वें वर्ष का स्मरण बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में विद्यार्थियों ने एकजुट होकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल उपस्थित रहे। वहीं, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. ए. आर. चौधरी ने भी कार्यक्रम में विशेष सहभागिता दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अस्मिता एवं सांस्कृतिक चेतना के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम मात्र एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की स्वाधीनता संघर्ष की आत्मा, शौर्य और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा किया गया।

### भावपूर्ण वंदना वंदे मातरम गीत :



**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि वंदे मातरम गीत राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाली एक भावपूर्ण वंदना है। आज वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव पूरे भारत में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज 7 नवंबर का दिन एक ऐतिहासिक दिन के रूप में मनाया जा रहा है। इस महोत्सव से भारत नई प्रेरणा और ऊर्जा की उड़ान भरेगा। भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी जिला प्रशासन द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने पर स्मरणोत्सव वंदे मातरम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। तहसीलदार पिहोवा पूनम सोलंकी द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व फूल माला से स्वागत किया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत गीत से स्वागत किया गया। इसके उपरांत जय भगवान शर्मा डीडी ने मां सरस्वती के चरणों में ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## चुनाव आयोग भाजपा के हाथों की बना कठपुतली



कुरुक्षेत्र। चुनाव आयोग का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा केवल सत्ता का सुख भोगना चाहती है और इसके लिए किसी भी प्रकार के हथकंडे ओर फजीर्वाड़े अपनाए जा सकते है लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इन फजीर्वाड़ों को उजागर करने का काम किया। सत्ता का सुख भोगने के लिए वोट चोरी करने का काम भाजपा ने किया ओर इस खेल में चुनाव आयोग की मिलीभगत भी अब सामने आ चुकी है उपरोक्त जानकारी विधायक अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस कार्यकतार्ओं के साथ चुनाव आयोग का पुतला फूंकने के उपरांत पत्रकारवार्ता से कहे। इस अवसर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, अनुशासन समिति सदस्य कैलाशो सैनी, जिला परिषद सदस्य कंवरपाल, अनुसूचित विभाग की राष्टीय संयोजक रीना वाल्मीकि, युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप, पवन चौधरी, सुभाष पाली,विकास कुमार, बिमला सरोहा, सुनीता नेहरा, मीणा रानी, हिमांशु अरोड़ा, संजीव भूखड़ी, सुभाष मिजार्पुर, दीपक मोरथला, संजीव बंसल, गुरमीत खेंची, राधे श्याम नैन, राजदीप राणा, दर्शन बांगड़, जरनैल सिंह डूडा, प्यारे लाल, वीरेंद्र रोहिला, अमरपाल, जगत सैनी, लाड़ी,जितेन्द्र, ओमप्रकाश सरोहा,अशोक कुमार, संजय, दर्शन, विवेक भारद्वाज डब्बू, सतीश कुमार, तेलु राम, राजेश कुमार हंस राज, प्रेम सिंह, आके, ओम प्रकाश कश्यप, ओम पाल, सुरेश कुमार, पवन शर्मा, जयपाल, मेहर सिंह, के इलावा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिहोवा में दो दिवसीय 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**पिहोवा।** राजकीय महाविद्यालय भेरियां पिहोवा में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष चंद्र शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत फ्लैग होस्टिंग एवं शपथ ग्रहण से हुई। प्राचार्य ने कहा कि खेल हमें हेल्दी के साथ वेल्दी भी बना रहें हैं। डॉ. दिनेश ने प्रथम दिन आयोजित होने वाली प्रतियोगियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। ऊंची कूद पुरुष प्रतियोगिता में गुलाब प्रथम, रोहन द्वितीय व अर्जुन ने तृतीय स्थान हासिल किया। ऊंची कूद महिला प्रतियोगिता में माफी प्रथम, रिंपल द्वितीय व सीमा ने तृतीय स्थान हासिल किया। शॉटपुट महिला प्रतियोगिता में रिंपल प्रथम, मनीषा द्वितीय, खुशबू ने तृतीय, शॉटपुट पुरुष प्रतियोगिता में अर्पित प्रथम, अंकित द्वितीय व अर्जुन ने तृतीय स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो महिला मुकाबले में खुशबू प्रथम, पायल द्वितीय व रिंपल ने तृतीय, डिस्कस थ्रो पुरूष मुकाबले में अर्जुन प्रथम, विनायक द्वितीय व आर्यन ने तृतीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद महिला प्रतियोगिता में माफी प्रथम, इशा द्वितीय, रिंपल ने तृतीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद पुरूष प्रतियोगिता में गुलाब प्रथम, आर्यन द्वितीय व अर्जुन ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में डा सुशील कुमार, डा कुलदीप सिंह, डा जागीर सिंह, प्रो. गीता रानी, प्रो. सोहन लाल, प्रो. विक्रमजीत मान, प्रो. श्याम सुन्दर, डा. रविन्द्र सिंह, डा. ललित, प्रो. सविता दहिया, प्रो. जसबीर जागलान, प्रो. रिंकू, डा मोनिका शर्मा, डा दीपक कुमार, प्रो. अमित, प्रो. अल्का उपस्थित रहे।

## सबसे बड़ा सुख स्वस्थ शरीरः डॉ. सिंह



लाडवा। आरोग्यधाम में प्राकृतिक तरीके से इलाज करते डॉक्टर व उपस्थित रोगी।

**लाडवा।** हिनोरी रोड पर स्थित आरोग्यधाम में चल रहे दो दिवसीय योग प्राकृतिक चिकित्सा व पंचकर्म शिविर का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। शिविर में सैकड़ो रोगियों को प्राचीन व परंपरागत चिकित्सा विधियो द्वारा इलाज देकर व इलाज की ट्रेनिंग भी दी गई। शिविर के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर आरएन सिंह ने कहा कि संसार में जितने भी सुख हैं उनका मूल्यांकन करने पर हमें पता लगता है सबसे बड़ा सुख-स्वस्थ शरीर है। शिविर समापन पर डॉक्टर कमलेश द्वारा रोगियों को विशेष तौर पर अमृत मुद्रा का प्रयोग सिखाया गया जिससे पूरे शरीर का रक्त प्रवाह संतुलित हो सके और हमारे दिमाग को भी भरपूर ऊर्जा प्राप्त होती रहे। समापन पर डॉक्टर सुभाष लोधी ने शिविर की मुख्य अतिथि डॉक्टर शुक्ला गुप्ता, उद्योगपति एवं संरक्षक ट्रस्टी भामाशाह कुटुंब-वृंदावन, एवं आमंत्रित चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में डॉक्टर सुभाष लोधी ने हृदय के रोगों से सुरक्षित रहने के लिए विशेष योग साधना सिखाई। शिविर में सेवादारों के रूप में डॉक्टर शशी लोधी, डॉक्टर अरुण गुर्जर, डॉक्टर नीतू चौहान, सतनाम सिंह, रणधीर सिंह, सरिता, पूजा सिमर, सुषमा रानी, राम अमलोहा, मनीष कुमार व मनीषा देवी आदि उपस्थित रहे।

## बाबा श्याम जी की कृपा मात्र से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है : गीता

**पिहोवा।** गांव दिवाना में श्री खाटूश्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री गीता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री खाटूश्याम सेवा समिति, गाँव दिवाना के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से पुष्पमालाओं और सम्मान पत्र देकर उनका अभिनंदन किया।गीता शर्मा ने समारोह में पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ बाबा खाटूश्याम जी की आराधना की और कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाबा जी की दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। भाजपा नेत्री गीता शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। गीता शर्मा ने समिति के सभी सदस्यों और आयोजकों को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। गांव के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, भक्ति संगीत, कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसी धार्मिक गतिविधियों से पूरा माहौल श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, गुरप्रीत, सरपंच रामनाथ, बलविंदर शर्मा, सुनील प्रधान व सतीश उपस्थित रहे।



पिहोवा। गांव दीवाना में श्रीखाटू श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम में द्वीप प्रज्वलित करते हुए गीता शर्मा व समिति सदस्य स्वागत करते हुए।

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आकर आध्यात्म की शक्ति का अनुभव हुआ : भंवर सिंह

- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीयाध्यक्ष व भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ ट्रस्ट यूपी के प्रदेश प्रवक्ता ने मां भद्रकाली शक्तिपीठ में नवाया शीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल और भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ ट्रस्ट यूपी के प्रदेश प्रवक्ता भंवर सिंह चौहान ने शुक्रवार को हरियाणा के इकलौते शक्तिपीठ मां भद्रकाली कुरुक्षेत्र में शीश नवाया और मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम टीम शक्तिपीठ ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पावन-पवित्र शक्तिस्थल श्री देवीकूप पर मां की विधिवत पूजा की व माथा टेका। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा जी ने मां की लाल चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत -सत्कार किया। उन्होंने अतिथियों को मां का प्रसाद व आशीर्वाद देकर उनके सेवा भावी यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा जी व माता श्रीमती शिमला देवी जी के सानिध्य में उन्होंने मां भद्रकाली जी का पूजन-अर्चन किया और मां से प्रार्थना की कि वे अपने सभी भक्तों पर इसी प्रकार अपना आशीर्वाद बनाए रखें।उन्होंने पञ्चदीप आरती -वन्दन भी किया व मां को पन्चमेवे व केलों का भोग अर्पित किया। मां को लाल-चुनरी, लाल वस्त्र, सिंदूर व नारियल इत्यादि भेंट अर्पित किया।



## ब्रह्मसरोवर के समीप गुरु दक्ष प्रजापति चौंक का शिलान्यास

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति धर्मशाला की कार्यकारिणी तथा समाज के अथक प्रयासों से कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के दक्षिण पूर्व में मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के पास गुरु दक्ष प्रजापति चौंक का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा द्वारा कर दिया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी शामिल हुए। दोनों नेताओं का स्वागत प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र में किया गया। वैदिक मंत्रोचारण के साथ चौंक का शिलान्यास किया गया। मौके पर धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार, महासचिव सतीश सरोहा, पूर्व प्रधान बलबीर सिंह, पूर्व प्रधान ावानी दास, वरिष्ठ उप प्रधान मोहन सिंह मिजार्पुर, पूर्व प्रधान दर्शन लाल लाडवा, श्री रामचरण किरमच, कोषाध्यक्ष हरिओम शोकल, प्रजापति विनोद डीग, ओमप्रकाश कैथल, काला ढाबा, प्रदीप तिगरी, राजेंद्र थानेसर, जिले सिंह क्योड़क, बलबीर नोच, सुभाष कुराड़, संदीप पाड़ला, कुलदीप क्योड़क, नाथीराम शिवन, कृष्ण सिरसमा, अशोक कुमार चीका, राजेश कुमार राजौंद, जयसिंह वर्मा, दलबीर घराड़सी, होशियार आदि उपस्थित रहे।

## जनसंचार संस्थान के छात्रों ने ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी का शैक्षणिक किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थी एतिहासिक स्थल राखीगढ़ी (हिसार) का शैक्षणिक भ्रमण संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव और सुनिता के संयुक्त नेतृत्त्व में किया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी भारत की 5000 पुरानी राखीगढ़ी सभ्यता का शैक्षणिक किया। छात्रों ने टीचर्स के साथ ऑन द स्पोर्ट रिपोर्टिंग वही गौरवशाली सभ्यता से रू-ब-रू परिचित हुए।



### यह छात्र हुए शामिल

डॉ. अभिनव ने कहा कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के 18 सदस्यों ने इस ऐतिहासिक एजुकेशन भ्रमण में हिस्सा लिया. राखी गढ़ी स्थल के बारे में अमित वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। उनके अनुसार पहली बार 1963 में प्रोफेसर सूरज भान, इतिहास विभाग, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र ने इस ऐतिहासिक स्थल का उत्खनन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम.ए. अंतिम वर्ष की रोहिणी, रिया, जशनदीप, अंशुमन, दिवाकर, निखिल, त्विशी, दीक्षा, आयुषी और नीरू; एम.ए. प्रथम वर्ष से मोहम्मद कैफ; एम.एससी. द्वितीय वर्ष से लक्ष्य; बी.ए. तृतीय वर्ष से ज्योति और कंचन; तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष से आर्चिश और दीपक शामिल हुए।

**खेल** | यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# खेलों से शरीर व मन दोनों होते स्वस्थः प्रो. राकेश

**मंच की संचालन नीतिका वशिष्ठ व अंचला ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



खेलों से शरीर व मन दोनों होते है स्वस्थ होते हैं इसलिए प्रत्येक छात्र को प्रतिदिन कुछ समय योग या अन्य खेल गतिविधि को देना चाहिए। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सैकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करने के बाद मुख्यातिथि के तौर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यदि आपने अच्छे ढंग से पढ़ाई करनी है तो आपके शरीर व मन का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। खेलों से मन, शरीर स्वस्थ होने के साथ-साथ आपसी सद्भावना भी बढ़ती है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह व वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल ने स्कूल परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर स्कूल परिसर पर प्रातः 10 बजे वंदे मातरम गीत का गायन करने तथा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन विशेष तौर पर आज के दिन रखा गया है। स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल ने मुख्यातिथि का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच की संचालन नीतिका वशिष्ठ व अंचला ने किया।

### म्यूजिकल चेयर में उषा रही प्रथम

कुरुक्षेत्र। कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए आयोजित 80 मीटर दौड़ में लड़कियों वर्ग में नंदिनी प्रथम, रोशनी द्वितीय व निशा तीसरे तथा लड़कों के वर्ग में धीरेन पहले, मयंक दूसरे व तेजस तीसरे स्थान पर रहा। कक्षा चौथी के छात्रों के लिए आयोजित बैग रेस में जतिन, दक्ष वर्मा, तरूण व गर्विश, अंशिका, गुरसीरत पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पांचवी की फ्राग रेस में मोक्षित, समर, मयंक, युविका, जिज्ञास व नंदिनी पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। कक्षा छठी की चम्मच रेस में रक्षित, आदित्य व आयुषी, विंदेश्वरी व नायरा पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। शिक्षकों की आयोजित म्यूजिक कल चौयर में शिक्षक श्रीमती उषा मलिक, श्रीमती सुमन व मीना सिंह पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। छात्रों व शिक्षकों के मध्य हुई वॉलीबाल प्रतियोगिता में शिक्षक डॉ सुशील टाया, संदीप चौहान, आशीष व अमित कुमार की टीम विजेता रही।

## खबर संक्षेप

### चोरी की एक्टिवा समेत आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित कुमार उर्फ काकू निवासी शास्त्री नगर, होशियारपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामला 28 अक्तूबर को सब्जी मंडी गेट, अम्बाला छावनी से एक्टिवा चोरी का था, जिसकी शिकायत सचिन कुमार निवासी सेक्टर-7 अर्बन एस्टेट, शहर ने 29 अक्तूबर को दर्ज करवाई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई एक्टिवा बरामद कर ली है।

### आर्मी क्वार्टर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना अम्बाला छावनी पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए राजेश कुमार निवासी गांव धाका, जिला राजौरी (जम्मू-कश्मीर) को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता कैप्टन सुनील कुमार, प्रभारी राजेन्द्र सिंह इन्क्लेव ने बताया कि 19/20 जून 2025 की रात अज्ञात व्यक्ति ने आर्मी क्वार्टर, आर.एस. इन्क्लेव एरिया, पटेल पार्क, अम्बाला छावनी में घुसकर नकदी व कीमती सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपी से चोरी की नकदी बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गैस सिलेंडर चोरी मामले में एक और आरोपी काबू

**अम्बाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी सौरभ निवासी बाल्मीकि मोहल्ला महेशनगर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह निवासी गांव बब्याल ने बताया कि 30 अक्तूबर को आरोपी आकाश ने उसके भाई के घर से रसोई के बर्तन, टोटियाँ, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी किया था। अब दूसरे आरोपी सौरभ को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लड़ाई-झगड़ा करने के प्रयास में शामिल 14 काबू

**अंबाला।** थाना छावनी पुलिस ने एसडी कॉलेज के पास लड़ाई-झगड़ा के प्रयास में शामिल 14 युवकों को मौके पर ही काबू किया। आरोपियों में सागर उर्फ चार्ली (मुलाना), इन्द्रजीत सिंह, हर्षवीर, जतिन, नवदीप सिंह (लंगरछन्नी), सर्वजीत सिंह उर्फ हैप्पी (चैडमस्तपुर), शानवीर सिंह (धुराला), चरणप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, बलिन्द्र सिंह शामिल हैं।

राजकीय महाविद्यालय में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने मनमोहक गायन प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

## वेब-लिंक द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ के प्रांगण में प्राचार्य डॉ.रोहित कुमार के नेतृत्व व कल्चरल कमेटी की अध्यक्षा पिंकी बाला के मार्गदर्शन में 150वीं वर्षगांठ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया ,जिसमे वेब-लिंक द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र को संबोधित किया। इस कार्यक्रम की सफलता में कंप्यूटर विभाग से प्रो.रीमा संधू, संदीप कुमार(लैब सहायक) और डॉ. राहुल कुमार, का विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का उद्देश्य रखता है। यह उत्सव हमारे राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और इसके रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अतुलनीय प्रेरणा का कार्य किया। इस कार्यक्रम का धेय देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक विरासत के संदेश को और मजबूत करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने मनमोहक गायन प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम की सफलता में कल्चरल कमेटी के सभी सदस्य डॉ. सीमा राणा डॉ सोनू रानी व डॉ नीलू रानी और समस्त महाविद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। मंच संचालनका कार्यभार डॉ अपूर्वा चावला और डॉ जगदीप कुमार ने संभाला।

■ समस्त महाविद्यालय परिवार का विशेष योगदान



बराड़ा। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ करते हुए एसडीएम बराड़ा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समस्त भारत में 7 से 14 नवंबर तक चल रहे वंदे मातरम महोत्सव के अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम बराड़ा सतीन्द्र सिवाच द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने मुख्य अतिथि का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुशील मंगला, पूर्व मेंबर बैकवर्ड क्लासेज कमीशन एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पल नहौनी, नायब तहसीलदार, ग्राम सचिव नेत्रपाल, अनुज कुमार, मनजीत शर्मा, जेई ललित शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने किया। डॉ. विर्क ने अपने संबोधन में कहा कि "यह दिन हमारे इतिहास का गौरवशाली क्षण है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत के स्वर्णिम इतिहास से अवगत कराना और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करना है।" डॉ. पूजा बैरागी ने छात्राओं को देशप्रेम और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सीमा सैनी द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी ने भी आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में डॉ. रितु चांदना, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. सुषमा रानी, डॉ. सुमन देवी, डॉ. पूजा बैरागी सहित समस्त कॉलेज स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## नारायणगढ़ में स्मरण उत्सव का किया आयोजन





नारायणगढ़। कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते विधायक पवन सैनी, कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज उपमंडल नारायणगढ़ के लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्मरण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत एसडीएम शिवजीत भारती तथा नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. पवन सैनी ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत या नारा नहीं, बल्कि यह भारत माता की आत्मा है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में लाखों देशभक्तों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन शब्दों को सुनकर हमारे अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती है, उन शब्दों के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को सदैव नमन है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम् के उद्घोष से प्रेरणा लेकर देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। डॉ. पवन सैनी ने कहा — वंदे मातरम् का नारा हमारे युवाओं में ऊर्जा भरने वाला और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। आज हमें अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए उसी भावना को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पूरे देशभर में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लाइव प्रसारण भी देखा गया।

### सभागार देशभक्ति की भावना से गूंज

एसडीएम शिवजीत भारती की प्रेरक अपील: एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति और जनजागरण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को देश को स्वच्छ और विकसित बनाने में योगदान देना चाहिए — जैसे हम कूड़ा-करकट इधर-उधर न फेंकें, यह भी एक देशभक्ति का कार्य है। नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने 'वंदे मातरम्' गीत के इतिहास और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम:कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' और हरियाणा राज्य गीत का गायन किया, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

## दो करोड़ से गलियां पक्की करने से लेकर पाइप लाइन तक बिछेगी

**अंबाला।** अंबाला कैंट नगर परिषद क्षेत्र के आठ वार्डों में व्यापक विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। नगर परिषद ने वार्ड पार्षदों द्वारा सौंपी गई सूची पर मुहर लगाते हुए लगभग दो करोड़ दस लाख रुपए की राशि इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कर दी है। अब संबंधित विभाग इन योजनाओं को अमल में लाने की तैयारी में जुट गया है। मिली जानकारी के अनुसार विकास कार्यों में गलियों का निर्माण, नालियों की मरम्मत, भूमिगत पाइप लाइन डालना, सार्वजनिक स्थल और धर्मशालाओं का पुनर्निर्माण शामिल है। यह निर्णय स्थानीय स्तर पर नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

**वार्डवार स्वीकृत राशि और कार्य:** इन विकास कार्यों में वार्ड 18 में सिविल अस्पताल से सटे क्षेत्र में भूमिगत पाइप लाइन डालने पर 2.49 लाख, राजेंद्र चौक-बस स्टैंड के पास लाइन बिछाने पर 2.45 लाख खर्च होंगे। वार्ड 3 में कपूर कुंदर मंडी क्षेत्र में धर्मशाला के चार बड़े कमरों के निर्माण पर 2 लाख की लागत आएगी। वार्ड 19 में एक गली निर्माण पर 24.48 लाख खर्च किए जाएंगे। वार्ड 29 में सड़कों और नालियों के निर्माण पर 32.68 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

### लोक अदालत में 15 में से 13 का मौके पर हल

**अंबाला।** सी.जे.एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला प्रवीण ने केन्द्रीय कारागार, अंबाला मे बीते दिन जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत मे 15 मुकदमे रखे थे। जिनमे नियमानुसार 13 मुकदमों का निपटारा किया गया और 13 बंदियो को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। प्रवीण, सी जे ,म ,वं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने बताया कि कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत मे लगाकर निपटा, जा सकते है।

## वंदे मातरम हर भारतीय को कर्तव्य, मर्यादा अनुशासन-त्याग की भावना से जोड़ता है

■ एसडीएम विनेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

माँ भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज एस.डी. कॉलेज, अंबाला छावनी में उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर नायब तहसीलदार आशीष एवं खंड शिक्षा अधिकारी मोनिका ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार ने उपस्थित सभी को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं देते कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम भारत की पहचान और आत्मा है, जो हर भारतीय को कर्तव्य, मर्यादा, अनुशासन और त्याग की भावना से जोड़ता है। यह गीत वर्ष 1875 में श्री बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचा गया था तथा श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा इसका प्रसिद्ध वाचन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान एस.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ आर्य गर्ल्स कॉलेज की छात्रा अंजलि ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डाला।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इसी क्रम में एस.डी. विद्या स्कूल, अंबाला छावनी के विद्यार्थियों ने देशभक्ति समूह गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने सराहना की। मंच संचालन का कार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला छावनी के भारत भूषण ने किया। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन भी उपस्थित सभी ने देखा और सुना। कार्यक्रम के अंत में हरियाणा राज्य गीत भी गाया गया। इस मौके पर ई.ओ. नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, संगीत शिक्षिका मंजू अरोड़ा, नृत्य शिक्षक उपविंदर सिंह, विद्यार्थीगण तथा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 140 बच्चों के दांतों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रोटरी क्लब बराड़ा ने मानव स्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए सांई एंजल्स एकेडमी अधोया में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च मुलाना की डॉक्टरों की टीम ने लगभग 140 विद्यार्थियों के दांतों का परीक्षण किया और उन्हें मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. सुपिंदर सुदन के नेतृत्व में डॉ. खुशी कंबोज, डॉ. श्रुति पांडे, डॉ. मानव, डॉ. समीक्षा, डॉ. अमीशी, डॉ. मुस्कान, डॉ. तृप्ति एवं डॉ. राजीव आदि की टीम ने बच्चों को दांतों की सही सफाई, ब्रश करने की तकनीक और खान-पान से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि नियमित ब्रश करना और मीठी चीज़ों का सीमित सेवन करना दांतों को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।




बराड़ा। सांई एंजल्स एकेडमी में आयोजित कैंप में बच्चों के दांतों की जांच करते डॉक्टर्स।

## अंबाला में विज ने किया सौर ऊर्जा लगवाने का आह्वान

■ उपभोक्ताओं को बांटे सब्सिडी के चेक; कहा-प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को अंबाला छावनी स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों को 25.23 लाख रुपए की सब्सिडी के चेक वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "ग्रीन एनर्जी युक्त भारत" के विजन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाएं, ताकि देश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। मंत्री विज ने बताया कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपए, यानी कुल 1.10 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाती है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है, उन्हें दो किलोवाट तक के सोलर सिस्टम लगाने पर यह सब्सिडी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगने के बाद घरों की बिजली लगभग मुफ्त हो जाती है।



अंबाला। चेक वितरित करते मंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

### 23 लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित किए

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार आम जनता को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य है कि हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान अंबाला छावनी के 23 लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। इन लाभार्थियों में शांति देवी, नैब कौर, अवतार सिंह, जगदेव सिंह, नरेश कुमार, दलजीत सिंह, तेजपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, राकेश, सुखबीर सिंह सैनी, केहर सिंह, गुरनाम सिंह, रूपचंद, प्रदीप कुमार, सोहन सिंह, कर्मवीर सिंह, संजय नागपाल, कौशल्या देवी, ज्ञान कौर, मनप्रीत, सुभाष चंद, मनदीप शर्मा और मोहित, बिजली निगम के एक्सईएन विकास, भाजपा नेता संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, बलकेश वत्स, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, सुभाष शर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्टेट बास्केटबॉल चौंपियनशिप के लिए अंबाला का ट्रायल कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ भिवानी में 15 से 17 नवंबर तक होगी प्रतियोगिता; प्रदर्शन के आधार पर बनेगी टीम

भिवानी में आगामी 15 से 17 नवंबर तक आयोजित होने जा रही हरियाणा राज्य सीनियर बास्केटबॉल चौंपियनशिप को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें अंबाला की टीम भी हिस्सा लेगी। हरियाणा राज्य बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि यह टूर्नामेंट सीनियर श्रेणी के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य के लगभग सभी जिलों से चुनिंदा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर देना है। हरियाणा राज्य बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के लिए अंबाला टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन शनिवार, 8 नवंबर 2025 को शाम 5 बजे किया जाएगा। ट्रायल राजीव गांधी खेल परिसर, सेक्टर 10, अंबाला शहर में होगा।

**कार्यक्रम** डीएवी में आर्य समाज नियम एवं व्याख्या की प्रतियोगिता का सफल आयोजन

माता-पिता और शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाते हैं अहम भूमिका

# कर्तव्यनिष्ठा और कठिन परिश्रम का परिणाम सदैव उत्तमः सुनीता कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी बराड़ा में आर्य समाज अंबाला सिटी द्वारा आयोजित ऋषि-बौद्ध उत्सव प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत आर्य समाज के नियम एवं व्याख्या प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, कैथल, नारायणगढ़ और शाहाबाद सहित विभिन्न स्थानों से 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन वर्गों चुनमुन वर्ग, कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग में विभाजित किया गया था। सभी वर्गों के प्रतिभागियों ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए आर्य समाज के नियमों की गहन जानकारी का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय जे.एस. नैन, प्रधान, आर्य समाज डीएवी कॉलेज मार्ग, अंबाला शहर उपस्थित रहे।



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे विजेता

निर्णायक मंडल में चंद्रपाल शास्त्री (सेवानिवृत्त शिक्षक) और सुरेंद्र शास्त्री (सरकारी अध्यापक, नारायणगढ़) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में चुनमुन वर्ग में अर्श आर्य (प्रथम), आतिफ खान (द्वितीय), अनुष्का (तृतीय), नमरित कौर (विशेष स्थान) पाया। इसी प्रकार कनिष्ठ वर्ग में भव्य कौशल (प्रथम), काव्या टांडा (द्वितीय), साशवी (तृतीय), पलक (विशेष स्थान) पाया। वरिष्ठ वर्ग में रूबल मंडाल (प्रथम), समृद्धि आहूजा (द्वितीय), पूर्वंशी (तृतीय), तनुज (विशेष स्थान) पाया। मुख्य अतिथि जे.एस. नैन ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता और गुरुजनों की बात मानते नैतिक मूल्यों पर चलना चाहिए, तभी समाज और देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और कठिन परिश्रम का परिणाम सदैव उत्तम होता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यापकों नीति जैन, सविता सैनी, कृष्णा देवी, डॉ. ऋषि, प्रियंका शर्मा और लवनीत को साधुवाद दिया और विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

■ समावेशी शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

## कोई भी दिव्यांग समाज की मुख्य धारा में जुड़ने से वंचित न रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ पर 6 व 7 नवंबर को दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एसएमसी सदस्य, दिव्यांगजन के माता-पिता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का वह भरपूर लाभ लें और अपने बच्चे और अपने आसपास की समाज को देखकर के लोगों को प्रेरित करें कि कोई भी दिव्यांग बच्चा समाज की मुख्य धारा में जुडने से वंचित न रहें इसके लिए उसको पूरा शिक्षण प्रशिक्षण दिया जाए और उसको सुविधा मिल सके इसके लिए आप लोगों को प्रेरित करें। इसके बाद भारती मैडम ने मूक बधिर बच्चों से संबंधित शिक्षण प्रशिक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया और विभिन्न तकनीकों के द्वारा इन बच्चों को कैसे सिखाया जाए इस बात पर लोगों को प्रैक्टिकल तौर से बताया और सिखाए अगले सत्र में अस्पताल से आए हुए डॉक्टर अरविंद पांण्डे ने रोगी बाल कल्याण समिति के माध्यम से सरकार की चल रही योजना के बारे में बताया और लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि किस तरह से वह सरकारी सेवाओं का लाभ लेकर के दिव्यांग बच्चों के हित में कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन विशेष शिक्षक दिनेश पांण्डे ने सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को संवेदित करते हुए अभिभावकों और शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट किया।



नारायणगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि